और अब इसके 31.12.1998 तक पूरा किये जाने का लक्ष्य है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के उपलब्ध हो जाने पर परियोजना पर आगे विचार करना संभव होगा।

Misuse of free railway passes issued to .MPs/MLAs/MLCs and freedom flghitcrs

4277. SHRI GHUFRAN AZAM: Will . the Minister of RAILWAYS be pleased to staste:

(a) whether a scandal involving misuse of free passes issued to MPs/MLAs/ MLCs and to freedom fighters has come to the notice of Government recently as reported in the Hindustan Times dated 29th June, 1998;

(b) if so, whether Government propose to formulate any foolproof strategy to check the misuse of free railway passes;

(c) if so, the details thereof; and

(d) by when the new system would be implemented?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS AND THE MINJSTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMNTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION. (SHRI RAM NAIK):

(a) A few instance; of misuse of free Railway passes have come to notice.

(b) to (d) Identity Card-cum Railway Passes are issued to the Members of Parliament and their spouses with the photograph of the concerned Member of Parlsament/Spouse affixed on the Identity Cards. Similarly, the Railway Card Passes issued to Freedom Fighters with one year's validity at a time, are affixed with their latest photograph. Regular checks are conducted by the Commercial and Vigilance departments against misuse of Passes. Ticket Checking staff have been intstructed to check Identity Card-cum travelling authorities of Members of Par-liamament/Members of Legislative Assemblies, etc, in a polite and courteous manner which should be sufficient to detect such misuses, if any.

Foreign investment to develop raitwiiys real estate

4278. SHRI C. RAMACHAN-DRAIAH: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the Railways are working out a methodology for attracting foreign funds to develop its real estate:

(b) if so, the areas or real estate development for which foreign investment will be sought for;-

(c) the total funds from foreign investors expected;

(d) whether any attempt has been made to find investors in the country; and

(e) if so, the details of such investment?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIMENETARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI RAM NAIK): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

(d) No, Sir.

(e) Does not arise.

कोंकण रेलवे की पैसेंजर रेलगाड़ियों में शौचालय की व्यवस्था न होना

4279. **श्री राज बब्बर**: क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि दिवा से चिपलुन और कारवार से रत्नागिरी जाने वाली कोंकण रेलवे की पैसेंजर रेलगाड़ियों में शौचालय की व्यवस्था नहीं है, और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन रेलगाड़ियों में शौचालय की व्यवस्था करेगी?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): (क) जी हां। 1

(ख) बहुत जल्दी, इन गाड़ियों के फेरों में कमी किये बगैर गाड़ियों में शौच व्यवस्था न होने के कारण हो रही मुश्किल को दूर करने के इनके चालन को कम करने के मामले पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही, शौच प्रणाली वाले रेकों से इनके बदलाव पर भी विचार किया जा रहा है।

स्वदेशी तकनीक का विकास

4280. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया**:

श्री बरजिन्दर सिंह:

क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 26 जून, 1998 के दैनिक समाचार-पत्र "दि आ व्जर्वर" में "इंडीजिनस आर एंड डी एफ्टर्स वीइंग इग्रोर्ड" शीषर्क से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है,

(ख) यदि हां, तो क्या देश के पिचानवें प्रतिशत उद्योग आयातित तकनीक पर आधारित है,

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार का आकलन क्या है, और

(घ) क्या देश में नई स्वदेशी तकनीकी की खोज में पर्याप्त सफलता प्राप्त नहीं की जा सकी है, यदि हां, तो इसके क्या कारम है?

मानव संसाधन विकास तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री (डा. मुरली मनोहर जोशी): (क) जी हां।

(ख) और (ग) भारतीय उद्योग देशी प्रौद्योगिकियों तथा आयातित प्रौद्योगिकियों दोनों पर आधारित है और ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि देश में 95 प्रतिशत उद्योग आयातित प्रौद्यगिकी पर आधारित है।

(घ) रसायन और पैट्रोरसायन, औषध और फार्माल

रयु-

टिकल्स, यांत्रिक इंजीनियरी, इलैक्ट्रीकल और इलैक्ट्रानिकी तथा प्रक्रियण जैसे क्षेत्रों में स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास में महत्वपूर्म उपलब्धियां हुई हैं। ऐसी प्रौद्योगिकियों के लिए उद्योग की खोज को सुकर बनाने की दिशा में राष्ट्रीय प्रयोगशालाएं, नेशनल रिसर्च डवलपमेंट कार्पोरेशन और प्रौद्योगिकी के विकास और अंतरण से संबंधित अन्य संगठन स्वदेशी प्रौद्यगिकी की सूचना के बारे में सहायता कर रहे हैं और प्रसारण के लिए गथेट प्रबास कर रहे हैं।

अनुसंधान और विकास पर व्यय किये गए सकल घरेलू उत्पादन का प्रतिशत

4281. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया**:

श्री बरजिन्दर सिंह:

क्या विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आज भी देश में अनुसंधान और विकास कार्यकलापों पर देश के सफल घरेलू उत्पाद का एक प्रतिशत से भी कम वार्षिक व्यय किया जाता है,

(ख) यदि नहीं, तो इस सम्बन्ध में तथ्यों का ब्यौरा क्या है,

(ग) क्या संयुक्त राज्य अमरीका, जापान, जर्मनी, दक्षिण कोरिया, चीन आदि जैसे देश इस मद पर भारत की तुलना में अधिक व्यय कर रहे हैं, और

(घ) यदि हां, तो वहां इस मद में सकल घरेलू उत्पाद का कितना कितना प्रतिशत व्यय किया जा रहा है?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री (डा. मुरली मनोहर जोशी): (क) और (ख) जी, हां। उपलब्ध आधिकारिक आंकड़े के अनुसार 1994-95 में देश में अनुसंधान और विकास पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद (जी एन पी) व्यय का प्रतिशत 0.81 है। इसमें केन्द्र तथा राज्य सरकारों, अनुसंधान तथा विकास संस्थानों तथा वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईएलआर) द्वारा मान्यता प्राप्त वैज्ञानिक औद्योगिक अनुसंधान संगठनों (एसआईआईओ) के अनुसंधान और विकास व्यय शामिल है। इस संकलन में उस अनुसंधान तथा विकास व्यय को शामिल नहीं किया गया है जो अन्य स्त्रोतों से प्राप्त किया गया है जिनमें वे व्यवसाय तथा कंपनियां भी शामिल है जिन्हें डीएसआईआई द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है। समय आधार पर भारत के अनुसंधान और विकास व्यय में वर्ष 1992-93 में 5004.67 करोड़ रु. की तुलना में 1994-95 में 6821.02 करोड़ रु. की वृद्धि हुई है।

(ग) और (घ) भारत के लिए जी एन पी के प्रतिशत के रुप में अनुसंधान और विकास पर व्यय यू एस ए, जपान, जर्मनी, दक्षिण कोरिया की तुलना में कम है और यह चीन से अधिक है, यूनेरकों स्टेस्टिकल